# रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर की दूरी, मात्र 7 मिनट में होगी पूरी

## सिंहस्थ 2028 से पूर्व उज्जैन को मिलेगा हाईटेक रोपवे, आधुनिक रोप वे का निर्माण हुआ शुरू, 200 करोड़ लागत, प्रतिघंटा 2 हजार यात्री करेंगे यात्रा

**उज्जैन। आखिरकार वह घड़ी आ ही आई गई। जिसका सभी को इंतजार था महाकाल की नगरी में महाकुंभ 2028 की तैयारी हो रही है मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव केंद्र से भी सौगात दिलाने के लिए दृढ़- संकल्पित हैं। यही कारण है कि 200 करोड रुपए की एक बड़ी योजना अब साकार हो रही है। रेलवे स्टेशन से लेकर महाकाल मंदिर तक रोप -वे का काम शुरू हो गया है। इसमें साइट क्लियर करने का काम पहले से ही प्रारंभ कर दिया गया था और अब निर्माण कार्य शुरू होने के बाद की के पहले एक बड़ी सौगात प्राप्त होगी।**

रोपवे का डिजाइन तैयार करने और तकनीक उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी विश्व की प्रमुख रोपवे कंपनी डोप्पेलमेयर को सौंपी गई है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रफुल्ल चौधरी ने बताया कि रोपवे का निर्माण कार्य अगले वर्ष के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है, ताकि सिंहस्थ से पूर्व यह जनता के लिए उपलब्ध हो सके। अधिकारियों का मानना है कि रोपवे के निर्माण से सिंहस्थ के दौरान भीड़ प्रबंधन और यातायात नियंत्रण में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। साथ ही, शहर में आने वाले देश-विदेश के तीर्थयात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित और तीव्र आवागमन की सुविधा भी प्राप्त होगी। इस परियोजना के पूरा होने से उज्जैन में धार्मिक पर्यटन को नई गति मिलने की संभावना है। सिंहस्थ के मद्देनजर किए जा रहे यह विकास कार्य शहर को आधुनिक सुविधाओं से युक्त धार्मिक नगर के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माने जा रहे हैं।



### महाकाल लोक के सामने आखरी स्टेशन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस महाकाल लोक का लोकार्पण किया था उसके बाद से लगातार वहां पर्यटकों श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा हुआ है। इस महाकाल लोक के समक्ष शक्तिपथ के नजदीक रोप-वे का आखरी स्टेशन बनाया जाएगा और यहां पर श्रद्धालु उतरकर महाकाल मंदिर और महाकाल लोक के दर्शन करने जाएंगे। सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को गति देते हुए शहर में बुनियादी ढांचे का विस्तार लगातार जारी है। श्रद्धालुओं की सुविधा और यातायात प्रबंधन को दुरुस्त करने के लिए रेलवे स्टेशन से महाकालेश्वर मंदिर तक हाईटेक रोपवे परियोजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है।

### एन एच आई को मिली जिम्मेदारी

इस परियोजना की नोडल एजेंसी नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड है। जबकि निर्माण कार्य एमएसआईएल द्वारा किया जा रहा है। डोप्पेलमेयर अत्याधुनिक तकनीक और डिजाइन मुहैया कर रही है, जिससे यह रोपवे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार होगा। कुल 1.7 किलोमीटर लंबाई के इस रोपवे पर लगभग 200 करोड़ रुपए की लागत आएगी। यह रोपवे लगभग 2,000 श्रद्धालुओं को यात्रा की सुविधा देगा। रोपवे से रेलवे स्टेशन से महाकालेश्वर मंदिर तक की यात्रा मात्र 5 से 7 मिनट में पूरी हो सकेगी। इसके लिए रेलवे स्टेशन, त्रिवेणी म्यूजियम और गणेश कॉलोनी में तीन स्टेशन प्रस्तावित हैं।

### इनका कहना है

जिस तेजी से महाकुंभ 2028 के मद्देनजर विकास कार्य हो रहे हैं। ऐसे में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार योजनाएं धरातल पर उतर रही है। रोपवे श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर निर्मित किया जा रहा है। जिसका लाभ सिंहस्थ में मिलेगा।

-आशीष सिंह, सिंहस्थ मेला अधिकारी उज्जैन

# कलेक्टर ने पुल निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर, स्टेंडप मीटिंग ली

**उज्जैन। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 को दृष्टिगत रखते हुए लोकनिर्माण ( सेतु ) द्वारा किए जा रहे पुल निर्माण का स्थलों का निरीक्षण किया। कलेक्टर द्वारा दो पुल कर्कराज पार्किंग से भूखी माता मंदिर और शिप्रा नदी पर छोटा पुल निर्माण का निरीक्षण किया गया और स्पॉट पर स्टैंडअप मीटिंग भी ली गई।**

कर्क राज पार्किंग से भूखी माता लाल पुल पहुंच मार्ग पर स्थित क्षिप्रा नदी पर बन रहे नवीन 4-लेन पुल के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि यहां पर 12 पाइल का कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष निर्माण कार्य निरंतर प्रगतिशील है। कलेक्टर ने संबंधित फर्म और विभागीय अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देकर और समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पुल का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है और साइट पर लैब भी स्थापित की गई है। जिससे समय-समय पर कार्य की गुणवत्ता की जांच की जा सके। कलेक्टर सिंह ने कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। कार्तिक चौक से शंकराचार्य चौराहा रोड (छोटा पुल) के बीच स्थित शिप्रा नदी पर बन रहे पुल के निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि यहां भी कार्य सुचारू रूप से जारी है और यह पुल सिंहस्थ के समय में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। छोटे पुल पर 7 पाइल का कार्य प्रगतिशील है, साथ ही पानी की पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य भी किया जाना है। कलेक्टर सिंह ने नगर निगम को पाईप लाईन शिफ्टिंग का कार्य शीघ्र करने के निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्यमंत्री के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी गोपाल डाड, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, ईई सेतु विभाग पी.एस पंथ एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# क्रिसमस पर्व : सजे चर्च-गिरजाघर, गूंजने लगे कैरोल गीत

## कैथोलिक चर्च से निकलेगी प्रभु यीशु जन्म संदेश यात्रा






**उज्जैन। क्रिसमस पर्व ईसाई समुदाय के प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की तैयारिया शुरू हो चुकी है। चर्च और प्रार्थना भवनो को सजाया जा रहा है। समाजजनों के घरों में कैरोल गीत गूंजने लगे हैं। 25 दिसंबर को मनाए जाने वाले क्रिसमस से पहले रविवार को ऋषि नगर स्थित कैथोलिक चर्च से प्रभु यीशु जन्म संदेश यात्रा निकल जाएगी।**

ईसाई समाज का सबसे बड़ा पर्व क्रिसमस 6 दिन बाद मनाया जाएगा। 25 दिसंबर को प्रभु यीशु का जन्म हुआ था। इस दिन को समाजजन धूमधाम के साथ मानते हैं। क्रिसमस की तैयारी शहर के चर्च और प्रार्थना भवनो में शुरू हो चुकी है। चर्चो के बाहर सितारा (स्टार) लगाया जा चुका है। आकर्षक सजावट की जा रही है। शाम ढलते ही समाजजनों के घरों में प्रभु यीशु के जन्म से जुड़े कैरोल गीत की गूंज सुनाई देने लगी है। सांता क्लॉस समाज के बच्चों को उपहार देने भी पहुंच रहा है। मरिया नगर कैथोलिक चर्च ऋषि नगर चौराहा पर 24-25 दिसंबर की रात 12 बजे प्रभु यीशु का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जिसको लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। रात 10 बजे बाद चर्च भवन में विशेष प्रार्थना की शुरुआत होगी, जिसमें समाज के हजारों अनुयाई शामिल होंगे। मसीही चर्च में 25 दिसंबर की सुबह विशेष प्रार्थना सभा के साथ क्रिसमस पर्व मनाया जाएगा। नववर्ष तक मनाए जाने वाले क्रिसमस पर्व के चलते सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों के साथ खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

### जन्म संदेश यात्रा में शामिल होगा समाज

क्रिसमस पर्व से पहले 21 दिसंबर रविवार को हर वर्ष की तरह इस बार भी प्रभु यीशु जन्म संदेश यात्रा निकाली जाएगी। कैथोलिक चर्च से निकलने वाली यात्रा में यीशु के जन्म से जुड़ी झांकियां शामिल होगी। कैथोलिक चर्च से निकलने वाली यात्रा में मसीही चर्च के सदस्य भी शामिल होंगे, जन्म संदेश यात्रा ऋषि नगर चौराहा मरिया नगर से शुरू होकर तीन बत्ती चौराहा, टावर चौक, शहीद पार्क, माधवनगर अस्पताल के सामने से होते हुए पुलिस कंट्रोल रूम मार्ग से कैथोलिक चर्च मरिया नगर पहुंचकर समाप्त होगी। यात्रा के सबसे आगे सांता क्लास होंगे, जो झूमते नाचते अपने उद्धारकर्ता प्रभु यीशु के जन्म का संदेश देते हुवे चलेंगे।

# 8 व्यक्तियों को किया जिलाबदर किया

**उज्जैन।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रौशन कुमार सिंह ने नागदा थाना क्षेत्र के यश उर्फ बारिक पिता राकेश राजोरिया, माधवनगर थाना क्षेत्र के निलेश उर्फ नीलू पिता लक्ष्मी नारायण संगत, महिदपुर थाना क्षेत्र के माखन सिंह पिता उदय सिंह, नरवर थाना क्षेत्र के मेहरबान पिता बापू बागरी , कोतवाली थाना क्षेत्र के सागर पिता जगदीश लश्करी, माधवनगर थाना क्षेत्र के हर्षद उर्फ बंटी कल्याणी पिता दिनेश कल्याणी, भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के सावन पिता सुनील उर्फ पप्पा लोट और सुनील उर्फ टार्जन पिता शोभाराम दायमा को छह-छह माह के लिए जिला बदर किया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है। आदेश के तहत उक्त आठों व्यक्तियों को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत उज्जैन जिला एवं उज्जैन जिले की सीमावर्ती जिले की राजस्व सीमाओं से छह-छह माह की अवधि के लिए जिलाबदर किया गया है। यदि उक्त अनावेदकों के विरुद्ध कोई प्रकरण उज्जैन जिले में स्थित न्यायालय में चल रहा हो तो वे नियत पेशी पर उपस्थित हो सकेंगे। परन्तु इसके पूर्व अनावेदक को संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी। न्यायालय में पेशी होने के तुरन्त पश्चात कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# नशा मुक्ति केंद्र में युवक के साथ हुई थी मारपीट

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा, लिवर में लगी थी चोट

**उज्जैन।** नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवक के अंतिम संस्कार से पहले शरीर पर चोट के निशान सामने आए थे। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया था पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि मारपीट के दौरान लीवर में चोट लगने से युवक की मौत हुई है। पुलिस ने संचालक सहित 6 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर चार को हिरासत में ले लिया है।

12-13 दिसंबर की रात मंगलनाथ मार्ग नव मानस नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवक हरीश पिता ग्यारसी लाल निर्मल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। परिजन पहले सामान्य मौत होना मानकर शव अंतिम संस्कार के लिए घर ले आए थे। चक्रतीर्थ ले जाने से पहले हरीश को नहलाया गया उसे दौरान शरीर पर कई चोट के निशान दिखाई दिए परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया और पुलिस कार्रवाई की मांग की। जीवाजीगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। 5 दिन बाद आई रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। युवक के साथ मारपीट हुई थी जिसके चलते उसका लिवर फट गया था। लिवर में चोट होने की वजह से ही हरीश की मौत होना सामने आया। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर नशा मुक्ति केंद्र के संचालक उमेश वैष्णव के साथ कपिल वर्मा, कमलेश राव, शुभम चौहान, सोनू उर्फ चंद्रशेखर फड़के और महेंद्र चौधरी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है। रात में चार को हिरासत में ले लिया गया, उमेश वैष्णव और महेंद्र चौधरी की तलाश की जा रही है। हिरासत में आये चारों युवकों को न्यायालय में पेश किया गया।

### प्रेमिका से बात पर प्रेमी ने युवक को मारे चाकू

उज्जैन। रात में चार लोगों ने मिलकर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा होना सामने आया है। चाकू मारने वाला युवती का प्रेमी है और घायल पूर्व प्रेमी होना सामने आया है। नीलगंगा थाना क्षेत्र के सुदर्शन नगर में रहने वाला रोहित पिता प्रभुलाल बंजारा 18 वर्ष का एक युवती से प्रेम प्रसंग चला आ रहा था। युवती ने रोहित से कुछ समय पहले बातचीत करना बंद कर दिया था और बांका बाथम से प्रेम करने लगी थी। रोहित अपनी प्रेमिका को बार-बार कॉल कर रहा था। इसी बात पर रात में बांका बाथम अपने साथी हर्ष पासी, अमन टटवाल और राज माली के साथ सुदर्शन नगर पहुंचा और रोहित पर चाकू से हमला कर दिया। घायल रोहित को चरक अस्पताल लाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है परिजनों ने बताया कि रोहित महाकाल क्षेत्र में फूल प्रसाद की दुकान लगता है। पुलिस घायल के बयान दर्ज कर मामले की जांच कर रही है चाकू मारने वालों की तलाश जारी है। विदित हो कि शहर में चाकूबाजी की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव के कार्यकाल के सफलतम 2 वर्ष पूर्ण होने पर

# भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को मिठाई बांटी

**उज्जैन। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सेवा एवं सुशासन के सफल 2 वर्ष पूर्ण होने व एसआईआर को लेकर भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन पर बैठक आयोजित की गई । इसके पूर्व कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर 2 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई प्रेषित की।**

मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश को विकास की श्रेणी में अग्रणी बनाने के लिए प्राण-प्रण से काम कर रहे हैं। सभी क्षेत्रों में विकास के अभूतपूर्व काम हुए हैं। एसआईआर प्रभारी अंबाराम कराड़ा ने कहा कि एस आई आर के माध्यम से हम घर घर पहुंचे और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 2 वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश सहित उज्जैन में विकास कार्यों को लेकर जाएं। निगम सभापति कलावती यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ. सत्यनारायण जटिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, अंबाराम कराड़ा, जगदीश अग्रवाल, डॉ. प्रभुलाल जाटवा, राजेन्द्र भारती, विवेक जोशी, अशोक प्रजापति, रवि सोलंकी, जगदीश पांचाल, उमेश सेंगर, मुकेश यादव प्रमिला यादव , मीना जोनवाल, दिनेश जाटवा, राकेश पंड्या, प्रकाश यादव, कल्याण शिवहरे, अनिल शिंदे सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन महामंत्री आनन्दसिंह खींची ने किया। आभार कमल बैरवा ने माना।



# घायल की 5 माह बाद मौत, हत्या में बदलेगा मामला ..!

**उज्जैन।** पांच माह पहले जानलेवा हमले में घायल युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मार्ग कम कर जांच शुरू की है घटनाक्रम के बाद पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने पर हत्या की धारा बढ़ सकती है ।नरसिंहघाट पर रहने वाले संजू पिता मदनलाल शर्मा 34 साल का पांच माह पहले आधी रात को घर के बाहर घूमने की बात पर अजय, गणेश, लक्की और 2 अन्य से झगड़ा हो गया था। दोनों ओर से मारपीट हुई थी, संजू के सिर में चोंट लगी थी। महाकाल थाना पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था। संजू के सिर में लगी चोंट डॉक्टरी रिपोर्ट के बाद गंभीर होना सामने आई थी। पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा में प्रकरण दर्ज किया था। संजू को निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उसके सिर का ऑपरेशन हुआ था, लेकिन वह ठीक नहीं हो पाया था। डॉक्टरों ने अस्पताल से छुट्टी कर दी थी। शुक्रवार को अचानक उसकी मौत हो गई। परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले की सूचना मिलने पर महाकाल थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि मृतक पहले से घायल था उसका ऑपरेशन भी हुआ था। मौत होने पर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया है। रिपोर्ट आने पर पुष्टि होगी कि मृतक की मौत का कारण क्या रहा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# कॉलोनी विकास के कार्य पूर्ण होने के बाद ही पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करें : महापौर

## योजना एवं सूचना प्रौद्योगिकी एवं कॉलोनी सेल विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश

**उज्जैन।** शुक्रवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा योजना एवं सूचना प्रौद्योगिकी एवं कॉलोनी सेल विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें विभाग द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली गई।

बैठक में विभाग के उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल द्वारा जारी पत्र अनुसार निर्देशित किया गया था कि नगर पालिक निगम उज्जैन के कर्मचारियों को एईबास आधारित पोर्टल पर पंजीयन कर ई अटेंडेंस दर्ज की जाना है। वर्तमान में नगर निगम में 5000 हजार से अधिक कर्मचारियों का पंजीयन होकर कर्मचारियों द्वारा नियमित उपस्थिति दर्ज की जा रही है। निरंतर अनुपस्थित कर्मचारियों को ब्लॉक किया जा रहा है। साथ ही कर्मचारियों द्वारा स्वयं के मोबाइल से उपस्थिति दर्ज की जा रही हैं। जिन कर्मचारियों के पास स्मार्टफोन नहीं है उनके लिए नगर निगम द्वारा फेस ऑथेंटिकेशन मशीन क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल द्वारा नगरीय निकायों में कार्यालयीन नस्तियों को इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप में संचालित किए जाने हेतु ई ऑफिस प्रणाली तैयार की गई है। वर्तमान में ई ऑफिस में नगर पालिक निगम उज्जैन के नोडल अधिकारी योगेंद्र सिंह पटेल को ऑनबोर्डिंग किया गया है। कॉलोनी सेल विभाग की समीक्षा बैठक अंतर्गत महापौर द्वारा निर्देशित किया गया कि कॉलोनाइजर को कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र तभी दिया जाए जब कॉलोनी में रोड, नाली, पानी, बिजली इत्यादि की व्यवस्था पूर्ण रूप से रहे।



### यह रहे उपस्थित

बैठक में विभाग प्रभारी डॉ योगेश्वरी राठौर, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, योगेंद्र सिंह पटेल, मनोज मौर्य, घनश्याम मचार, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री जेपी मालवीय, लक्ष्मण प्रसाद साहू, प्रभारी अधिकारी पवन कुमार, सहायक यंत्री, उपयंत्री उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा 24 दिसंबर से

**उज्जैन।** श्री कृष्ण सुदामाजी की मित्रता स्थली ग्राम नारायणा धाम में पंच कुंडीय महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा 24 दिसंबर से प्रारंभ होगी। श्री कृष्ण सुदामा उत्सव समिती परिवार के केशर सिंह पटेल व डॉ. मोहन शर्मा ने बताया कि 28 दिसम्बर तक श्री कृष्ण सुदामा नारायणा धाम में श्री गोपाल पंच कुंडीय महायज्ञ एवं कथा का मूल पाठ एवं संतो के प्रवचन, यज्ञदर्शन का पवित्र कार्य होंगे। यज्ञ और कथा कि तैयारियां जोरो पर चल रही हैं। धरानंद महाराज की प्रेरणा से होने जा रहे इस धार्मिक अनुष्ठान में यज्ञाचार्य दिनेश शास्त्री, मूल पाठ आचार्य चेतन दुबे, उपाचार्य गोपाल शास्त्री, मंदिर पुजारी पं. दौलतराम शर्मा रहेंगे। श्रीकृष्ण सुदामा उत्सव समिती परिवार ने सभी धर्मालुजनों से अनुरोध किया है कि इस पुण्य कार्य में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाभ लेवे।

**व्यवस्था की बैठक** ▶ मंदिर समिति ने बनाया प्लान, कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक व महाकाल मंदिर समिति के प्रशासक ने की बैठक

# नए साल में महाकाल मंदिर में आम श्रद्धालु चारधाम से प्रवेश करेंगे, उमड़ेंगे लाखों की संख्या में भक्त

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में वर्ष के अंतिम दिनों और नए साल पर लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ेंगे। प्रशासन व मंदिर समिति ने शुक्रवार को बैठक कर पूरा प्लान तैयार किया। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा ने समिति के प्रशासक रोशन कुमार सिंह के साथ चर्चा के बाद प्रवेश व निर्गम को लेकर निर्णय लिया। दर्शनार्थियों को शीघ्र दर्शन टिकट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। मंदिर परिसर में 28 दिसंबर से 4 जनवरी तक अतिरिक्त पुलिस बल और कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को शिफ्ट के अनुसार तैनात किया जाएगा। बैठक में एडीएम अतेंद्र सिंह, निगम कमिश्नर अभिलाष मिश्रा, उप प्रशासक सिम्मी यादव, एसएन सोनी, एएसपी आलोक शर्मा, सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल भी उपस्थित रहे।

दर्शनार्थी चारधाम मंदिर पार्किंग से शक्ति पथ, त्रिवेणी संग्रहालय, नंदीद्वार और महाकाल लोक होते हुए मानसरोवर भवन, फेसेलिटी सेंटर 01 और नवीन टनल 01 से गणेश मण्डपम पहुंचेंगे, जहां से भगवान महाकाल के दर्शन कर सकेंगे। दर्शन के बाद श्रद्धालु आपातकालीन निर्गम द्वार से बड़ा गणेश मंदिर, हरसिद्धि मंदिर तिराहा होते हुए वापस चारधाम मंदिर पहुंचेंगे। अत्यधिक भीड़ की स्थिति में श्रद्धालुओं को फेसेलिटी सेंटर 01 से सीधे कार्तिकेय मण्डपम् में प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद उन्हें द्वार नंबर 10 या निर्माल्य द्वार के रास्ते बाहर निकाला जाएगा। दर्शन मार्ग और मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों से कंट्रोल रूम द्वारा 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी। भस्म आरती दर्शन के लिए 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक ऑनलाइन और 31 दिसंबर को ऑफलाइन पंजीकरण बंद रहेगा। श्रद्धालुओं के लिए भस्म आरती के दौरान कार्तिक मंडप से चलित भस्म आरती दर्शन की व्यवस्था सुबह 4.15 बजे से की जाएगी। श्रद्धालु कर्कराज, भील समाज धर्मशाला, कलोता समाज धर्मशाला, कार्तिक मेला ग्राउंड, मेघदूत पार्किंग और हरिफाटक ब्रिज के नीचे वाहन पार्क कर सकेंगे। चारधाम पार्किंग और म्यूजियम के सामने बड़े स्तर पर जूता स्टैंड बनाए जाएंगे। लड्डू प्रसाद काउंटर, प्राथमिक उपचार सुविधाएं, पेयजल वितरण, पूछताछ एवं सहायता केंद्र के अस्थाई काउंटर लगेंगे। मानसरोवर भवन, त्रिवेणी मण्डपम, श्री महाकाल लोक कंट्रोल रूम, मंदिर परिसर, निर्गम द्वार, फेसेलिटी सेंटर, हरसिद्धि चौराहा, चारधाम मंदिर पार्किंग स्थल पर 24 घंटे चिकित्सा दल, एम्बुलेंस और ऑक्सीजन की सुविधा रहेगी।



### मंत्री श्रेयसी ने की महाकाल की भस्मारती

महाकाल मंदिर में शुक्रवार की अल सुबह हुई भस्मारती में बिहार सरकार की खेल एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्रेयसी सिंह भी परिवार के साथ शामिल हुई। बिहार में हाल ही में हुए चुनाव में एनडीए की जीत के बाद मंत्री बनी श्रेयसी सिंह तड़के चार बजे महाकाल मंदिर पहुंची, नंदी हाल में बैठकर उन्होंने आरती देखी और आरती के बाद उन्होंने देहरी से भगवान महाकाल के दर्शन किए। मंदिर की सफाई आदि की उन्होंने प्रशंसा की। समिति की ओर से सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया ने उनका सम्मान किया।

# क्रिकेटर रजत पाटीदार महाकाल मंदिर आए



**उज्जैन।** भारतीय क्रिकेटर रजत पाटीदार शुक्रवार को अल सुबह उज्जैन आए। वे महाकाल की भोग आरती में शामिल हुए। उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर परिवार के साथ पूरी आरती देखी। आरती के बाद उन्होंने भगवान महाकाल के दर्शन व पूजन किया। पूजन पुजारी यश गुरु ने संपन्न कराया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी ने क्रिकेटर रजत का स्वागत किया। रजत पाटीदार एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हैं। वे घरेलू क्रिकेट में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हैं और इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम का हिस्सा रहे हैं।